प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 09.10.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. भाजपा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में तीसरी बार दर्ज की ऐतिहासिक जीत, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा विकास और सुशासन की हुई जीत, जम्मू कश्मीर में एनसी–कांग्रेस गठबंधन की सरकार।
2. केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा– हरियाणा की जनता ने मोदी की गारंटी पर लगाई मुहर, भाजपा के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन ने कहा– हरियाणा तो झांकी है, झारखंड अभी बाकी है।
3. झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा जम्मू कश्मीर में हमारी गठबंधन की सरकार बन रही है और हरियाणा के परिणाम से वे निराश हैं पर हताश नहीं।
4. दुर्गा पूजा को लेकर राजधानी रांची समेत राज्यभर में अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की हुई तैनाती, आज से रांची के ट्रैफिक व्यवस्था में किया गया बदलाव।
5. राजधानी रांची में चल रही 14वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप के दोनों सेमीफाइनल मुकाबले आज।

****

भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में बहुमत हासिल कर लिया है और लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। भारतीय जनता पार्टी ने 90 में से 48 सीटों पर जीत दर्ज की है जबकि कांग्रेस को 37 सीटें मिली हैं। जम्मू– कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 42 और उसके सहयोगी कांग्रेस ने 6 सीटों के साथ बहुमत हासिल कर लिया है। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने जम्मू कश्मीर में पहली बार रिकॉर्ड 29 सीटों पर शानदार जीत दर्ज की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा को जनादेश देने के लिए राज्य की जनता का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह विकास और सुशासन की जीत है।

श्री मोदी ने कहा कि जम्मू कश्मीर में दशकों के इंतजार के बाद आखिरकार शांतिपूर्वक चुनाव हुए।यह भारत के संविधान की जीत है ।

****

केंद्रीय मंत्री और कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि हरियाणा की जनता ने तीसरी बार भाजपा पर विश्वास व्यक्त करते हुए मोदी की गारंटी पर मुहर लगाई है।

****

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन हरियाणा के चुनावी नतीजों से खुश हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि हरियाणा तो झांकी है, झारखंड अभी बाकी है।

श्रीसोरेन ने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की तरह शानदार जीत दर्ज करते हुए सरकार बनायेगी।

****

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जिस प्रकार पार्टी ने हरियाणा में जीत दर्ज की है वैसा ही परिणाम झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भी दिखेगा।

साउंड बाइट– बाबूलाल मरांडी –16 सेकेंड

****

झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि जम्मू कश्मीर में हमारी गठबंधन की सरकार बनने से पार्टी खुश हैं । श्रीमहतो ने कहा कि हरियाणा के परिणामों से हम निराश हो सकते हैं लेकिन हताश नहीं हैं।

****

जदयू के वरिष्ठ नेता और जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ जमशेदपुर पश्चिमी सीट से चुनाव लड़ने की घोषणा की है। सरयू राय ने कहा कि अब उनकी सीट एनडीए को तय करनी है।

****

आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव से पहले झामुमो ने कई वायदे किये थे लेकिन आज तक एक भी वादा पूरा नहीं किया। श्रीमहतो ने कहा कि झामुमो ने स्थानीय, नियोजन और विस्थापन नीति बनाने के वादे को भी भुला दिया है। जनता को न नीति मिली और न ही नियोजन। हेमंत सरकार ने जनता को ठगा है।

****

पूर्वी सिंहभूम जिले की पुलिस ने परसुडीह थाना क्षेत्र में शराब कारोबारी विजय साव की हत्या मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से देसी कट्टा, स्कूटी और एक कार भी बरामद किया है।

****

कोडरमा जिले में महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की ओर से पालना सह क्रेच योजना की शुरुआत की जाएगी। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

दुर्गा पूजा के दौरान विधि व्यवस्था को लेकर राजधानी रांची में दो हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी है। वहीं राज्यभर में जगह–जगह अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है। इनमें डीएसपी , इंस्पेक्टर और दारोगा भी शामिल हैं। इधर गिरिडीह में शांतिपूर्ण पूजा संपन्न कराने को लेकर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल के नेतृत्व में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। राजधानी रांची में दुर्गा पूजा को लेकर आज से तेरह अक्टूबर तक ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इस

दौरान शाम चार बजे से सुबह चार बजे तक शहर में सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। वहीं सुबह आठ बजे से अगले दिन सुबह चार बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी।

****

राजधानी रांची समेत राज्यभर में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाई जा रही है। आज देवी दुर्गा के सातवें स्वरूप कालरात्रि की आराधना की जा रही है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता चम्पाई सोरेन ने सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर में आधा दर्जन से अधिक पंडालों का उद्घाटन किया। कोडरमा के ऐतिहासिक गुमो दुर्गा मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ दुर्गा पूजा मनाई जा रही है।

****

राजधानी रांची में चल रही 14वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप के दोनों सेमीफाइनल मैच आज खेले जायेंगे। पहला मैच मध्य प्रदेश और ओडिशा के बीच जबकि दूसरा मैच झारखंड और हरियाणा के बीच खेला जायेगा।

*******समाप्त***********